दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति की उत्तर कोरिया यात्रा

चर्चा में क्यों?

हाल ही में प्योंगयोंग की यात्रा पर गए दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति मून जे-इन की राष्ट्रपति के रूप में उत्तर कोरिया की यह पहली यात्रा है।

प्रमुख बिंदु

- उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन ने हाल ही में कहा था कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के साथ सिंगापुर में उनकी ऐतिहासिक शिखर वार्ता ने क्षेत्रीय सुरक्षा को स्थापित किया है और उन्होंने भविष्य में दोनों कोरियाई देशों के मध्य अवरुद्ध पड़ी परमाणु कूटनीति पर प्रगति की भी उम्मीद की।
- कोरियाई नेताओं की यह मुलाकात भविष्य में होने वाली एक अन्य मुलाकात का भी परीक्षण करेगी जो अभी कुछ दिनों पहले दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति और अमेरिकी राष्ट्रपति के बीच हुई मुलाकात के दौरान प्रस्तावित की गई है।
- इसमें उत्तर कोरिया के परमाणु निःशस्त्रीकरण पर एक कार्य-योजना बनाने और 1950-53 से चले आ रहे कोरियाई युद्ध को समाप्त करने की बात की गई है।
- वार्ता का पहला सत्र जो 2 घंटे चला, इसमें उत्तर कोरिया की वर्कर पार्टी के उपाध्यक्ष किम योंग-चूल और किम जोंग-उन की बहन किम यो-जोंग के साथ दक्षिण कोरिया के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार चुंग यूई-योंग और खुफिया प्रमुख सुह हून ने भाग लिया।
- बाद में नेताओं की दूसरे दौर की वार्ता संपन्न होगी जिसके बाद संयुक्त बयान जारी किया जाएगा और एक सैन्य समझौते की भी घोषणा की उम्मीद है जो दोनों देशों के बीच तनाव को कम करने के उद्देश्य से किया जाएगा।
- इससे पहले मई माह में हुई मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं ने परमाणु निःशस्त्रीकरण पर संयुक्त प्रयास किये जाने पर सहमति जताई थी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/moon-lands-in-pyongyong-meets-Kim